<u>कार्यालय :– भर्ती एवं चयन समिति, कुटुम्ब न्यायालय बालोद (छ0ग0)</u>

<u>// आवश्यक निर्देश //</u>

क्रमांक–   12 /च.स.कु.न्या.बा./2024   बालोद, दिनांक 09.05.2024

–: परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–

01. स्टेनोग्राफर हिन्दी के एक पद हेतु परीक्षा समय सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रत्येक परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र में सुबह 09:00 बजे तक आवश्यक रूप से पहुंच जावे और अपने परीक्षा कक्ष में निर्धारित स्थान पर 09:45 बजे तक अनिवार्य रूप से बैठ जावे। विलंब होने की स्थिति में ऐसे परीक्षार्थी को उस परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से वंचित कर दिया जावेगा।

02. प्रश्न पुस्तिका/उत्तर पुस्तिका के सभी पन्नों में दिये गये स्थान पर अभ्यर्थी अपना हस्ताक्षर आवश्यक रूप से करेंगें।

03. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिये जायेंगे जिसमें से सही उत्तर के डिब्बे में सही (✔) के चिन्ह से टिक लगाना होगा। इस हेतु परीक्षार्थी केवल नीले या काले बाल पाइण्ट पेन का उपयोग करेगें। एक से ज्यादा सही का टिक लगाने या कांट–छांट किये जाने पर उस प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा। प्रश्न पुस्तिका में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं पर अपना नाम, अनुक्रमांक, कोई धार्मिक चिन्ह, कोई पहचान चिन्ह या उत्तर के अतिरिक्त अन्य कोई अक्षर, शब्द, कोई धार्मिक शब्द, वाक्य नहीं लिखा जाना चाहिए। प्रश्न पुस्तिका में नीले या काले बाल पाइण्ट पेन के अतिरिक्त अन्य किसी भी रंग अथवा प्रकार के पेन जैसे–स्कैच पेन, हाईलाईटर, ग्लीटर पेन इत्यादि का प्रयोग न करें, ऐसा करने पर संबंधित अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जायेगा। किसी भी प्रकार के कैलकुलेटर, लॉग टेबल, मोबाईल फोन एवं स्मार्ट वाच आदि का प्रयोग वर्जित है। परीक्षा समाप्त होने पर परीक्षार्थी प्रश्न पत्र एवं प्रवेश पत्र वीक्षक के पास जमा करेंगे।

04. पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, बालोद के वेबसाइट से डाउनलोड कर परीक्षा में उपस्थित होना होगा। प्रवेश पत्र पृथक से प्रेषित नहीं किया जाएगा।

05. प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देश को ध्यान पूर्वक पढ़कर अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश पत्र को स्वयं के हस्ताक्षर से पंजीयन कमांक, अनुकमांक व शेष विवरण भरकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा। (अभ्यर्थी को पंजीयन कमांक व अनुकमांक, प्रथम चरण की लिखित परीक्षा हेतु आहूत किये जाने वाले अभ्यर्थियों की जारी सूची से देखकर प्रवेश पत्र में भरना है।)

सही/–
अध्यक्ष
भर्ती एवं चयन समिति
कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ0ग0)